षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-08 शुक्रवार, दिनांक- 09 मार्च, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.16 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-14 स्थगित ।

(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iv) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-845 पंचायती राज विभाग में स्थानान्तरित ।

(vi) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vii) 138 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **आसन की घोषणा :-**

प्रश्न काल के दौरान चर्चा के क्रम में आसन से घोषणा की गयी कि बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-83 के उप-नियम-10 में स्पष्ट उल्लेख है कि समाचार पत्रों की खबरों के आधार पर आप प्रश्न पूछ सकते हैं लेकिन उन खबरों की जो सत्यता होती है, उसके लिए पहले आपको खुद जाँच कर लेनी चाहिए । समाचार पत्र की खबरों पर आधारित प्रश्नों को पूछने से पहले माननीय सदस्यगण अगर उसकी सत्यता के संबंध में खुद भी जानकारी प्राप्त कर लेते हैं तो इससे अच्छा माहौल भी बनेगा और सदन का समय भी जाया नहीं जाएगा ।

[3] **कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ एवं श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव द्वारा दिए गए कार्य स्थगन सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[4] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्री मो० नेमतुल्लाह
(ii) श्री समीर कुमार महासेठ
(iii) श्री अमीत कुमार
(iv) श्री शमीम अहमद
(v) श्रीमती बेबी कुमारी
(vi) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव
(vii) श्रीमती भागीरथी देवी
(viii) श्री रामप्रीत पासवान
(ix) श्री ललन पासवान
(x) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xi) श्रीमती गायत्री देवी
(xii) श्री (डा०) राजेश कुमार
(xiii) श्री विनय बिहारी

[5] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री हरिशंकर यादव एवं अन्य सभासदों का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री शमीम अहमद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[6] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

माननीय मंत्री, श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित पत्रांक-03, दिनांक-01.01.14 / 9493, दिनांक-12.12.14 / 3664, दिनांक-23.06.14 / 386, दिनांक-21.01.14 / 432, दिनांक-23.01.14 / 388, दिनांक-21.01.14 / 4342, दिनांक-29.05.15 / 8815 एवं 8817, दिनांक-19.11.15 / 923, 924, दिनांक-08.02.16 / 2151, दिनांक-31.03.16 एवं 2910, दिनांक-19.06.16 द्वारा निर्गत विभागीय नियमावली, अधिसूचना एवं मार्गदर्शिका की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[7] **वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-03 (शिक्षा विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, पर्यावरण एवं वन विभाग तथा समाज कल्याण विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री रामदेव राय द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) मो० नेमतुल्लाह

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री जितेन्द्र कुमार

(iii) श्री व्यासदेव प्रसाद

(इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये)

(iv) श्री लक्ष्मेश्वर राय

(v) श्रीमती आशा देवी

(vi) डा० मो० जावेद

(vii) श्री सुदामा प्रसाद

(viii) श्री निरंजन कुमार मेहता

(ix) श्री संजीव चौरसिया

(x) सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान

(xi) श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xii) श्री रामप्रीत पासवान

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया । सरकार के उत्तर के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री रामदेव राय का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[8] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 22 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-12 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-09.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।